...ालय उपखण्ड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट मांगरोल जिला बारां

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

...संख्या : 4/2019

सरकार जर्ये लैण्ड होल्डर तहसीलदार मांगरोल

....प्रार्थी

♠ बनाम ♠

प्रभुलाल पुत्र कन्हैयालाल कोम तमोली निवासी मांगरोल जिला बारां

....अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान लैण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956

पीठासीन अधिकारी : श्री प्रमोद कुमार सिंधव (आरएएस)

दायरा दिनांकः 11.01.2019

निर्णय दिनांक : 11.01.2019

पटवारी हल्का मांगरोल, भू अभिलेख निरीक्षक एवं तहसीलदार मांगरोल (लैण्ड होल्डर) के जर्ये प्रार्थना पत्र अन्तर्गत राजस्थान लैण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956 की धारा 136 के तहत इस आशय का प्राप्त हुआ है कि कस्बा मांगरोल की वर्तमान जमाबंदी सम्वत 2073–2076 की आराजी खाता संख्या 1215 के खसरा संख्या 1041/4875 रकबा 0.85 है0 जो कि प्रभुलाल पुत्र कन्हैयालाल जाति तमोली निवासी मांगरोल गैर खातेदार दर्ज है।

कस्बा मांगरोल की आराजी साबिक खसरा संख्या 674 रकबा 10 बीघा 4 बिस्वा प्रभुलाल पुत्र कन्हैयालाल जाति तमोली निवासी मांगरोल को आवंटन हुई थी। साबिक खसरा संख्या 674 रकबा 10 बीघा 4 बिस्वा के हाल खसरा नम्बर 1011 रकबा 0.10 है0, खसरा संख्या 1011/4661 रकबा 0.15 है0, खसरा नं0 1041/4875 रकबा 1.10 है0 बनाये गए है। नए बनाये गए खसरा नम्बरान में से 1011 रकबा 0.10 है0 खसरा नं0 1011/4661 रकबा 0.15 है0, खसरा नं0 1041/4875 रकबा 0.25 है0 कुल किता 3 रकबा 0.50 है0 पर आवंटी कब्जा काश्त था जिन पर खातेदारी दर्ज करने के आदेश श्रीमान अतिरिक्त जिला कलक्टर महोदय बारां द्वारा जारी सनद कमांक 75 दिनांक 17.08.1982 से प्राप्त हुए थे। तथा शेष भूमि खसरा संख्या 1041/4875 का रकबा 0.85 है0 सडक में जाने से खातेदारी दिया जाना संभव नही था। इसलिए उक्त खसरा संख्या 1041/4875 रकबा 0.85 है0 पर खातेदारी नही दी गयी और यह खसरा संख्या वर्तमान में प्रभुलाल पुत्र कन्हैयालाल जाति तमोली निवासी मांगरोल के नाम से गैर खातेदारी में दर्ज है।

कस्बा मांगरोल के नामांतरण संख्या 1541 तस्दीक दिनांक 12.07.2011 द्वारा खसरा संख्या 1011 रकबा 0.10 है0 खसरा संख्या 1011/4661 रकबा 0.15 है0, खसरा नं0 1041/4875 रकबा 0.25 है0, कुल किता 3 रकबा 0.50 है0 पर प्रभुलाल पुत्र कन्हैयालाल जाति तमोली निवासी मांगरोल को गैर खातेदारी से

खसरा संख्या 1041/4875 रकबा 0.85 है0 का मूल खसरा संख्या 1041 रकबा 4.96 है0 जो ... सार्वजनिक निर्माण विभाग के खाते किस्म गै0 मु0 सडक के रूप में दर्ज है।

अतः राजहित में प्रकरण तैयार कर निवेदन है कि प्रभुलाल पुत्र कन्हैयालाल जाति तमोली निवासी ...ोल के खाते गैर खातेदारी के रूप में दर्ज खसरा संख्या 1041/4875 रकबा 0.85 है0 को सार्वजनिक निर्माण विभाग के खाते दर्ज किया जाकर खसरा संख्या 1041/4875 रकबा 0.85 है0 का विलय खसरा संख्या 1041 रकबा 4.96 है0 में किया जावें।

उक्त प्रकार का प्रार्थना पत्र जर्ये लैण्ड होल्डर प्राप्त होने पर प्रकरण दिनांक 11.01.2019 को दर्ज रजिस्टर किया गया।

अतः प्रार्थना पत्र के समस्त सलंग्न दस्तावेजात 1. हाल नकल जमाबंदी 2073–76 खाता संख्या 1215 ग्राम मांगरोल 2. हाल नकल जमाबंदी 2073–76 खाता संख्या 1266 ग्राम मांगरोल 3. प्रतिलिपि नामा0 संख्या 1541 4. प्रतिलिपि नक्सा की प्रमाणित प्रति की रोशनी में प्रकरण का भली प्रकार अध्ययन, अवलोकन एवं मनन के उपरान्त आदेश है कि पुरानी प्रविष्टि ग्राम "कस्बा मांगरोल की वर्तमान जमाबंदी सम्वत 2073–2076 की आराजी खाता संख्या 1215 के खसरा संख्या 1041/4875 रकबा 0.85 है0 जो कि प्रभुलाल पुत्र कन्हैयालाल जाति तमोली निवासी मांगरोल गैर खातेदार" दर्ज है को हजफ किया जाकर राजहित में नवीन प्रविष्टि "प्रभुलाल पुत्र कन्हैयालाल जाति तमोली निवासी मांगरोल के खाते गैर खातेदारी के रूप में दर्ज खसरा संख्या 1041/4875 रकबा 0.85 है0 को सार्वजनिक निर्माण विभाग के खाते दर्ज किया जाकर खसरा संख्या 1041/4875 रकबा 0.85 है0 का विलय खसरा संख्या 1041 रकबा 4.96 है0 में करने से ग्राम मांगरोल की आराजी खसरा नं0 1041 का कुल रकबा 5.81 है0 राजस्व रेकार्ड में दर्ज किया जाने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार मांगरोल राजस्व रेकार्ड में अंकन कर पालना से अन्दर 15 योम में अवगत करावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर शुमार से कम होकर दाखिल दफ्तर होवे।

निर्णय आज दिनांक 11.01.2019 को सरेइजलास मजमेंआम में सु